# प्रश्नोत्तरी में डीपीएस के कुशाग्र और नंदिनी ने मारी बाजी

माई सिटी रिपोर्टर

**रुड़की।** मदरहुड विश्वविद्यालय में ज्ञान सरोवर 2019 - प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। रुड़की समेत आसपास के 11 स्कूल और इंटर कॉलेजों की 53 टीमों ने प्रतिभाग लिया। कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज नागल, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज नागल, नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज नागल सहारनपुर, नवशांति निकेतन इंटर कॉलेज, सर्वज्ञ पब्लिक स्कूल, डीपीएस रुड़की विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रतियोगिता के पहले राउंड मे सभी टीमों का लिखित टेस्ट हुआ, जिसमें से पांच टीमों को चयनित कर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में जर्नल नॉलेज, कंप्यूटर, करंट अफेयर्स, विज्ञान, इतिहास आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

**मदरहुड विवि में आयोजित ज्ञान सरोवर प्रतियोगिता में कई स्कूलों की 53 टीमों ने लिया हिस्सा**

प्रतियोगिता में प्रश्नों के चार राउंड रखे गए। विजेता टीम डीपीएस रुड़की के छात्र कुशाग्र गोयल और छात्रा नंदनी कालरा रहे, द्वितीय स्थान पर नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज के छात्र अवनीत चौधरी और विनय कुमार रहे और तृतीय स्थान पर दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के छात्र आजम मलिक एवं शहानवीर रहे। विजेताओं को ट्राफी, मेडल और सभी टीमों के प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भेंट किया गया। टीमों के संरक्षक शिक्षकों को भी सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

बादल और काजल ने मंच का संचालन किया। इस मौके पर कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज के अधिष्ठाता प्रो. पीके अग्रवाल, मुख्य संयोजक सौरभ पोसवाल, संयोजक सतीश कुमार, सचिन कुमार, संकाय शिक्षक डॉ. राहुल शर्मा, अमित वर्मा, हरीश कुमार, अमित पंवार, गार्गी शर्मा, मधु, करूणा, रेनू तोमर और व्यंजना सैनी आदि रहीं।




ज्ञान सरोवर प्रतियोगिता में विजेता डीएपीएस के छात्रों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा।


अमर उजाला Job Alert

## इंजीनियर सहित कई पदों पर मौका

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद

- **पद के नाम :** असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, जूनियर सुपरिटेंडेंट, स्टाफ नर्स, जूनियर टेक्नीशियन और जूनियर असिस्टेंट
- **पदों की संख्या :** 51
- **आयु सीमा :** अधिकतम 30/35 वर्ष (पदानुसार)



www.iitism.ac.in

- **शैक्षणिक योग्यता :** 55% अंकों से संबंधित विषय में तीन वर्षीय डिप्लोमा/स्नातक के साथ सुपरवाइजरी अनुभव/M.Lib.Sc. अथवा समकक्ष/परास्नातक डिप्लोमा/55% अंकों के साथ फार्मेसी से स्नातक




मदरहुड विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को पुरस्कार देते संस्थान के कुलपति डॉ. नरेंद्र शर्मा ● आयोजक संस्था

# कुशाग्र व नंदनी बने विजेता

**जागरण संवाददाता, रुड़की :** मदरहुड विश्वविद्यालय के संकाय कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज की ओर से ज्ञान सरोवर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मदरहुड विवि के कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और बौद्धिक विकास होता है। प्रतियोगिता में प्रश्नों के चार राउंड रखे गए। इसमें सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, करंट अफेयर्स, विज्ञान, इतिहास आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में डीपीएस रुड़की के छात्र कुशाग्र गोयल एवं छात्रा नंदनी कालरा की टीम विजेता रही। द्वितीय स्थान पर नेशनल मॉडल इंटर कालेज के छात्र अवनीत चौधरी एवं विनय कुमार रहे। जबकि तृतीय स्थान दयानंद सरस्वती इंटर कालेज के छात्र आजम मलिक एवं शहानवीर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज के अधिष्ठाता डॉ. पीके अग्रवाल की देखरेख में हुआ। इस मौके पर मुख्य संयोजक सौरभ पोसवाल, संयोजक सतीश कुमार, सचिन कुमार, डॉ. राहुल शर्मा, अमित वर्मा, हरीश कुमार आदि थे।

# प्रतियोगिताएं ज्ञान वृद्धि का भी स्रोत

## मदरहुड यूनिवर्सिटी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

● जनवाणी संवाददाता, रुड़की

**मदरहुड** विश्वविद्यालय संकाय कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीस द्वारा ज्ञान सरोवर, 2019 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें रूड़की तथा आसपास के स्कूल व इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० पीके अग्रवाल, अधिष्ठाता कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज की देखरेख में हुआ।

प्रतियोगिता में कुल 11 विभिन्न स्कूलों व इंटर कॉलेजों की 53 टीमों ने प्रतिभाग लिया। दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज नागल, स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज नागल, नेशनल मॉडल इण्टर कॉलेज नागल सहारनपुर, नव शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, सर्वज्ञ पब्लिक स्कूल, डीपीएस रूड़की विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। हर टीम में दो छात्र व छात्रा थे। प्रतियोगिता के पहले राउंड में सभी टीमों का लिखित टेस्ट हुआ, जिसमें से 5 टीमों को चयनित कर प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में जर्नल नॉलेज, कम्प्यूटर, करंट अफेयर्स, विज्ञान, इतिहास आदि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रश्नों के चार राउंड रखे गए।

कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र बादल एवं काजल ने किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मदरहुड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० डॉ० नरेन्द्र शर्मा ने किया। इस दौरान सभी संकायों के अधिष्ठाता, प्राचार्य तथा विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहनी चाहिए, जिससे कि सभी छात्र-छात्राओं का मनोबल तथा बौद्धिक विकास होता रहे, जिससे उनमें आत्मविश्वास की भी वृद्धि होती है। उन्होंने छात्रों से कहा है कि प्रतियोगिताएं न केवल मनोरजन का सशक्त माध्यम है बल्कि यह ज्ञान वृद्धि का भी स्त्रोत है। इस दौरान विजेता टीम डीपीएस रूड़की के छात्र कुशाग्र गोयल एवं छात्रा नन्दनी कालरा रहे।



विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ एनके शर्मा। ■ छाया : जनवाणी

द्वितीय स्थान पर नेश्नल मॉडल इण्टर कॉलेज के छात्र अवनीत चौधरी तथा विनय कुमार रहे एवं तृतीय स्थान पर दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के छात्र आजम मलिक एवं शहनवीर रहे।विजेताओं को ट्राफी, मेडल तथा सभी टीमों के प्रतिभागीयों को सहभागिता प्रमाण पत्र मिला एवं सर्टिफिकेट भी दिया गया। टीमों के संरक्षक शिक्षकों को भी सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज के अधिष्ठाता प्रो० पी०के० अग्रवाल, मुख्य संयोजक सौरभ पोसवाल, संयोजक सतीश कुमार, सचिन कुमार, संकाय शिक्षक डॉ० राहुल शर्मा, अमित वर्मा, हरीश कुमार, अमित पंवार, गार्गी शर्मा, मधु, करूणा, रेनू तोमर एवं व्यंजना सैनी आदि मौजूद रहे।




रुड़की के मदरहुड विवि में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित हुए। ● हिन्दुस्तान

# ज्ञान सरोवर प्रतियोगिता का आयोजन

रुड़की। मदरहुड विश्वविद्यालय कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीज की ओर से ज्ञान सरोवर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों के 53 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पीके अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता के पहले राउंड में सभी टीमों का लिखित टेस्ट हुआ। जिसमें से 5 टीमों को चयनित कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंच का संचालन विवि के छात्र बादल एवं काजल ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने किया। इस दौरान कुशाग्र गोयल, नंदनी कालरा, अवनीत चौधरी, विनय कुमार, आजम मलिक एवं शहानवीर विजयी रहे। मौके पर पीके अग्रवाल, सौरभ पोसवाल, सतीश कुमार, सचिन कुमार, डॉ. राहुल शर्मा, अमित वर्मा, हरीश कुमार, अमित पंवार, गार्गी शर्मा, मधु, करूणा, रेनू तोमर एवं व्यंजना सैनी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर
■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित

देहरादून
मंगलवार ● 15 अक्टूबर ● 2019
पृष्ठ 16, वर्ष-12, अंक 4329, मूल्य ₹ 2.50



रुड़की : विजेताओं को सम्मानित करते मदरहुड विवि के कुलपति डा. नरेंद्र शर्मा।

# डीपीएस रुड़की ने मारी बाजी

■ **रुड़की (एसएनबी)।** मदरहुड विवि संकाय कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीस द्वारा ज्ञान सरोवर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें रुड़की तथा आसपास के स्कूल व इंटर कॉलेज के छात्रछात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पीके अग्रवाल, अधिष्ठाता कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीस की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में कुल 11 विभिन्न स्कूलों व इंटर कॉलेजों की 53 टीमों ने प्रतिभाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मदरहुड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. नरेन्द्र शर्मा ने किया। कुलपति ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहनी चाहिए, जिससे कि सभी छात्रों का मनोबल और बौद्धिक विकास होता रहे। जिससे उनमें आत्मविश्वास की भी वृद्धि होती है। दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज नागल, स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज नागल, नेश्नल मॉडल इंटर कॉलेज नागल सहारनपुर, नव शान्ति निकेतन इंटर कॉलेज, सर्वज्ञय पब्लिक स्कूल, डीपीएस रुड़की विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। हर टीम में दो छात्र व छात्रा थे। प्रतियोगिता के पहले राउंड मे सभी टीमों का लिखित टेस्ट हुआ। जिसमें पांच टीमों को चयनित कर प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में जर्नल नॉलेज, कम्प्यूटर, करंट अफेयर्स विज्ञान, इतिहास आदि से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गए प्रतियोगिता में प्रश्नों के चार राउंड रखे गए। कार्यक्रम के मंच का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र बादल एवं काजल ने किया।

**मदरहुड विवि में प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आयोजित**

प्रतियोगिता में विजेता टीम डीपीएस रुड़की के कुशाग्र गोयल, नन्दनी कालरा प्रथम, नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज के अवनीत चौधरी व विनय कुमार द्वितीय एवं दयानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज के आजम मलिक व शहानवीर तृतीय रहे विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और टीमें के प्रतिभागियों को सहभागित प्रमाणपत्र दिया गया। टीमों के संरक्षक शिक्षकों को भी सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान कॉमर्स एवं बिजनेस स्टडीस के अधिष्ठाता प्रो. पीके अग्रवाल, मुख्य संयोजक सौरभ पोसवाल संयोजक सतीश कुमार, सचिन कुमार, संकाय शिक्षक डा राहुल शर्मा, अमित वर्मा, हरीश कुमार, अमित पंवार, गार्गी शर्मा, मधु, करूणा, रेनू तोमर एवं व्यंजना सैनी आदि रहे।